

## DR. (SMT.) RANI BANG

Dr. (Smt.) Rani Bang exemplifies idealism, social service and scientific research. She has made landmark contribution to improving women's life in India and globally – as a gynecologist, as a research scientist and as a social activist.

2. Born on September 17, 1951 Smt. Bang completed her medical education (MBBS and MD) in India with gold medal and at the Johns Hopkins School of Public Health, (MPH) in the US. Along with her husband, Dr. Abhay Bang, she founded the voluntary organization, SEARCH, (Society for Education, Action and Research in Community Health) 32 years ago in one of the most underdeveloped districts, Gadchiroli, in Maharashtra. There they live and work with the people in villages to provide community-based health care and conduct research. They have established the now famous community health care and research center 'Shodhagram' in this tribal area.

3. By conducting the first ever study in two villages in Gadchiroli and publishing in the Lancet, Smt. Bang first brought to the notice of the world that rural women had a large hidden burden of gynecological diseases. She subsequently trained the Dais in villages to make them village level gynecologists. With sound evidence she argued that rural women in India need comprehensive reproductive health care. She has been a globally powerful advocate of women's health and helped shape national and global policies.

4. Smt. Bang has provided gynecological and obstetrical care to literally lakhs of unserved women in Gadchiroli district and around. She developed a program for providing surgical care to rural-tribal people for the chronic surgical diseases. She and her colleagues have been conducting Sex Education Workshops called Tarunya Bhan all over Maharashtra State since 1990. She has led a compaign against alcohol which inspired thousands of women resulting in the prohibition in their district and influenced the State policy.

5. Smt. Bang has written two books in Marathi on women's lives – 'Goieen' and 'Kanosa'. 'Goieen' has received the State literary award and one book in English – 'Putting Women First.' She was a member of the National Commission on Population, Govt. of India, and of several national and international committees.

6. Smt. Bang has received more than fifty awards for her health work, research and social service including, honoured by the government of Maharashtra with the highest honour of the state – Maharashtra Bhushan, the TIME magazine honour as 'Global Health Hero', the first MacArthur Foundation International Award, the prestigious Bajaj award for her work for the upliftment of women in India, the National Award for Women's Development through Application of Science and Technology for the year 2007, Stree Shakti Puraskar, 2005 from Ministry of Women & Child Development Govt. of India. (2008), Public Health Champion Award for outstanding contribution to public health in the country from WHO India (2016), Doctorate Honoris Causa from SGPIMS, Lucknow (2015), The honorary D.Litt. from Tilak Maharashtra Vidyapeeth, Pune (2015) and from the SNDT University Mumbai, (2012), Distinguished Alumnus Award Department of International Health, Johns Hopkins Bloomberg, School of Public Health, Baltimore, Society of Scholars elected from The Johns Hopkins University, U S A (2013), the 'Baa' Award from Gandhi National Memorial Society, Pune (2009), Savitri Bai Phule Puraskar from the Govt. of Maharashtra. (2000) for the work among women, Kasturba Gandhi Puraskar (1999), the Adi-Shakti Jeevan Gaurav Puraskar from Mahalakshmi Trust Pune (2002).



# डॉ. (श्रीमती) रानी बंग

डॉ. (श्रीमती) रानी बंग ने आदर्शवाद, समाज सेवा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान की बानगी प्रस्तुत की है। आपने भारत और पूरे विश्व में स्त्रीरोगविज्ञानी, अनुसंधान विज्ञानी तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में महिलाओं के जीवन को बेहतर करने में सराहनीय योगदान दिया है।

2. आपका जन्म दिनांक 17 सितम्बर, 1951 को हुआ, आपने भारत में स्वर्ण पदक के साथ अपनी चिकित्सा शिक्षा (एमबीबीएस और एम डी) तथा यू एस में जॉन्स हॉपकिन्स स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) पूरी की। अपने पति, डॉ. अभय बंग के साथ मिलकर आपने महाराष्ट्र में सर्वाधिक अल्प विकसित जिलों में से एक गढ़चिरौली में 32 वर्ष पूर्व सर्च (सोसाइटी फॉर एजुकेशन, एक्शन एण्ड रिसर्च इन कम्युनिटी हेल्थ) नामक स्वैच्छिक संगठन की स्थापना की। वहां आप दोनों रहते हैं और समुदाय आधारित स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने तथा अनुसंधान करने के लिए गांवों में लोगों के साथ कार्य करते हैं। आप दोनों ने अब इस जनजाति क्षेत्र में 'शोधाग्राम' नामक प्रसिद्ध सामुदायिक स्वास्थ्य परिचर्या और अनुसंधान केन्द्र स्थापित कर लिया है।

3. गढ़चिरौली में दो गांवों में अब तक का पहला अध्ययन करके तथा लैनसेट में इसे प्रकाशित करके आपने विश्व के ध्यान में पहली बार इस बात को लाया कि ग्रामीण महिलाओं में बड़ी मात्रा में स्त्रीरोगविज्ञानीय रूग्णता छिपी होती है। बाद में आपने गांवों में दाइयों को ग्राम स्तरीय स्त्रीरोगविज्ञानी बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया। ठोस प्रमाण के साथ आपने यह तर्क दिया कि भारत में ग्रामीण महिलाओं के लिए व्यापक प्रजनन स्वास्थ्य परिचर्या आवश्यक है। आप महिलाओं के स्वास्थ्य की पूरे विश्व में सशक्त रूप से वकालत करती रही हैं और आपने राष्ट्रीय एवं वैश्विक नीतियों को सही स्वरुप देने में सहायता की है।

4. आपने गढ़चिरौली जिले और उसके आसपास के क्षेत्र में लाखों असेवित महिलाओं को स्त्रीरोगविज्ञानी और प्रसूतिरोगविज्ञानी रोग परिचर्या प्रदान की है। आपने क्रॉनिक सर्जिकल रोगों के लिए ग्रामीण जनजाति लोगों को सर्जिकल परिचर्या प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम तैयार किया है। आप और आपके सहकर्मी वर्ष 1990 से पूरे महाराष्ट्र राज्य में तारूण्य भान नामक यौन शिक्षा कार्यशालाएं आयोजित करते आ रहे हैं। आपने अल्कोहल के विरुद्ध एक अभियान का नेतृत्व किया है जिससे हजारों महिलाएं प्रेरित हुईं और इसके परिणामस्वरुप उनके जिलों में इसके सेवन को प्रतिबंधित किया गया और साथ ही इससे राज्य की नीति भी प्रभावित हुई है।

5. आपने महिलाओं की जिंदगी के बारे में मराठी में दो पुस्तकें लिखी हैं - 'गोईन' तथा 'कनोसा'। 'गोईन' को राज्य का साहित्यिक पुरस्कार प्राप्त हुआ है। आपने अंग्रेजी में भी एक पुस्तक - पुटिंग वूमन फर्स्ट' लिखी है। आप राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, भारत सरकार तथा कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समितियों के सदस्य रहीं।

6. आपको महाराष्ट्र राज्य सरकार के सर्वश्रेष्ठ सम्मान 'महाराष्ट्र भूषण' सहित आपके स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान, सामाजिक सेवा के लिए 50 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। आपको टाइम मैगजीन से 'ग्लोबल हेल्थ हीरो' का सम्मान, प्रथम मेकआर्थर फाउंडेशन इंटरनेशन अवार्ड, भारत में महिलाओं के उत्थान के लिए आपके कार्य हेतु प्रतिष्ठित बजाज अवार्ड, वर्ष 2007 के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के माध्यम से महिला विकास के लिए राष्ट्रीय अवार्ड, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार से स्त्री शक्ति पुरस्कार 2005 (2008), डब्ल्यू एच ओ इंडिया से देश में जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपके उत्कृष्ट योगदान के लिए पब्लिक हेल्थ चैम्पियन अवार्ड (2016), संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ से डॉक्टरेट ऑनरिस काउजा (2015), तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे (2015) तथा एस एन डी टी यूनिवर्सिटी, मुम्बई (2012), डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल हेल्थ, जॉन्स हॉपकिन्स ब्लूमबर्ग, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, बाल्टीमोर से विशिष्ट एल्यूमनस अवार्ड, जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी, यूएसए से निर्वाचित सोसायटी ऑफ स्कॉलर्स (2013), गांधी नेशनल मेमोरियल सोसायटी, पुणे से 'बा' अवार्ड (2009), महिलाओं के बीच कार्य करने के लिए महाराष्ट्र सरकार से सावित्री बाई फुले पुरस्कार (2000), कस्तूरबा गांधी पुरस्कार (1999), महालक्ष्मी ट्रस्ट पुणे से आदि-शक्ति जीवन गौरव पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।



## DR. ABHAY BANG

Dr. Abhay Bang is a Gandhian and a physician, who exemplifies a rare combination of idealism, social service and scientific research. He has served the tribal and rural people for more than thirty years. He is globally renowned as a pioneer in community health research, especially for how to provide health care to newborns and children in rural areas and reduce child mortality.

2. Born on September 23, 1950, Dr. Abhay Bang grew up in the Sevagram Ashram and was inspired by the philosophy of Mahatma Gandhi. Trained in India (MBBS and MD) and at the Johns Hopkins School of Public Health, (MPH), he was always a top notcher in the University and won 3 Gold Medals. Moved by the need to improve health of the rural people, along with his wife Dr. Rani Bang, he founded the voluntary organistion, SEARCH, (Society for Education, Action and Research in Community Health) 32 years ago in a tribal district, Gadchiroli, in Maharashtra. They have developed a village health care program which has now become a nationally and internationally famous model. From this remote place, they have evolved a very innovative and powerful approach of 'Research with the People' which has generated, time and again, new evidence and solutions to shape national and global thinking.

3. Dr. Abhay Bang has influenced the health policy in India and globally several times. He first brought to the notice of the world that rural women had a large hidden burden of gynecological diseases. He showed how pneumonia in children can be managed in villages. He designed a revolutionary new approach on how newborn care can be delivered in villages. This approach, called the 'Home-based Newborn Care' has been hailed as a Vintage Paper in the Lancet, and has been now replicated in several countries. It has become a national policy in India, delivered by 8 lakh ASHAs to nearly ten million neonates in villages every year. His research on nutrition-based minimum wages for farm labourers changed the state policy. He estimated and brought to the public notice the Hidden Child Mortality in Maharashtra. He led a campaign against alcohol and tobacco which led to introduction of prohibition in Gadchiroli district, and has now launched a district program called 'Muktipath' to reduce tobacco and alcohol. He has written 2 books of which the one on his own heart disease is extremely popular in Maharashtra. It has changed the lifestyle of millions of people and has received the State literary award.

4. Dr. Abhay Bang is currently the chairman of the Expert Committee on Tribal Health, Govt. of India, and led preparing a new national roadmap of tribal health care in India. He was a member of the High Level Expert Group to design Universal Health Coverage for India (2010-12), of the National Commission on Population, and of The National Commission on Macro-economics and Health. He was a member of the Mission Steering Group, of the National Rural Health Mission, Govt. of India, and of the National ASHA Mentoring Group, and several national and international committees. He was a member of the High Level Committee on Tribal People in India. He is a member of the Central Health Council, the apex body of the Ministry of Health, Govt. of India.

5. Dr. Abhay Bang has received more than fifty awards for his health service, research, social and literary work, including the highest honour of the state government 'Maharashtra Bhushan', The TIME magazine selected him as the `Global Health Hero', the Public Health Champion Award for outstanding contribution to public health in the country from WHO India (2016), Civil Liberties Award from Nani A Palkhiwala Memorial Trust, Mumbai (2016), Doctorate Honoris Causa from SGPIMS, Lucknow (2015), honorary D.Litt. from Tilak Maharashtra Vidyapeeth, Pune (2015), the Society of Scholars, Johns Hopkins University, Baltimore, USA. (2013), Distinguished Alumnus Award Department of International Health, Johns Hopkins, School of Public Health, USA (2013), 'Dory Storms' Child Survival Recognition Award Washington (2010), Save the Children, US award for global contribution to saving newborns and children (2004), MacArthur Foundation International Award for creative and effective institutions (2006), 'Bapu' Award from Gandhi National Memorial Society, Pune (2009), National Award of the Indian Council of Medical Research for outstanding research in community medicine, Mahatma Gandhi Award for humanitarian service, The Karve award for the best literary book in Marathi, (2000), and the State Award for De-addiction – Government of Maharashtra. (2001).



# डॉ. अभय बंग

डॉ. अभय बंग एक गांधीवादी तथा फिजीशियन हैं जिन्होंने आदर्शवाद, समाज सेवा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के दुर्लभ मिश्रण की बानगी प्रस्तुत की है। आपने तीस वर्षों से अधिक समय तक जनजाति और ग्रामीण लोगों की सेवा की है। आप सामुदायिक स्वास्थ्य अनुसंधान, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में नवजात शिशुओं तथा बच्चों को स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने वाले बाल मृत्यु को कम करने के तौर-तरीकों के संबंध में अगुवा के रूप में पूरे विश्व में विख्यात हैं।

2. आपका जन्म दिनांक 23 सितम्बर, 1950 को हुआ, आप सेवाग्राम आश्रम में पले-बढ़े तथा महात्मा गांधी के दर्शन से प्रेरित हुए। भारत में (एमबीबीएस और एम डी) तथा जॉन्स हॉपकिन्स स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) में प्रशिक्षित हुए। आपने विश्वविद्यालय में हमेशा शीर्ष स्थान प्राप्त किया और तीन स्वर्ण पदक भी जीते। ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने की आवश्यकता से प्रेरित होकर अपनी पत्नी डॉ. रानी बंग के साथ मिलकर आपने 32 वर्ष पहले महाराष्ट्र के एक जनजाति जिले, गढ़चिरौली में सर्च (सोसाइटी फॉर एजुकेशन, एक्शन एण्ड रिसर्च इन कम्युनिटी हेल्थ) नामक स्वैच्छिक संगठन की स्थापना की। आपने एक ग्रामीण स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम तैयार किया है जो अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रसिद्ध मॉडल बन चुका है। इस दूर-दराज स्थान से आप दोनों ने 'रिसर्च विद द पीपल्स' की एक बहुत ही अभिनव एवं शक्तिशाली नीति विकसित की है जिससे बार-बार राष्ट्रीय एवं वैश्विक सोच को एक सही शक्ल प्रदान करने के लिए नए प्रमाण एवं निराकरण प्राप्त हुए हैं।

3. आपने भारत तथा पूरे विश्व में कई बार स्वास्थ्य नीति को प्रभावित किया है। आपने विश्व के ध्यान में पहली बार इस बात को लाया कि ग्रामीण महिलाओं में बड़ी मात्रा में स्त्री रोगविज्ञानीय रुग्णता छिपी होती है। आपने यह दिखाया कि किस प्रकार गांवों में बच्चों में निमोनिया का प्रबंधन किया जा सकता है। आपने इस बारे में एक क्रांतिकारी नई नीति बनाई कि किस प्रकार गांवों में नवजात परिचर्या प्रदान की जा सकती है। इस नीति को 'गृह आधारित नवजात परिचर्या' कहा गया जिसे लैनसेट में विंटेज पेपर के रूप में सराहा गया है तथा अब इसे कई देशों में लागू किया गया है। यह परिचर्या भारत में एक राष्ट्रीय नीति बन चुकी है जो प्रत्येक वर्ष गांवों में को आठ लाख आशाओं द्वारा लगभग 10 मिलियन नवजात शिशुओं प्रदान की जाती है। कृषि श्रमिकों के लिए पोषण आधारित न्यूनतम मजदूरियों के बारे में आपके अनुसंधान ने राज्य नीति को परिवर्तित किया। आपने महाराष्ट्र में अप्रकाशित बाल मृत्यु का अनुमान लगाया और इसे जनता के ध्यान में लाया। आपने अल्कोहल और तम्बाकू के विरुद्ध अभियान चलाया जिसके परिणामस्वरुप गढ़चिरौली जिले में इस पर प्रतिबंध लगाया गया और अब आपने तम्बाकू और अल्कोहल के सेवन को कम करने के लिए 'मुक्ति पथ' नामक एक जिला कार्यक्रम शुरू किया है। आपने दो पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से एक अपने स्वयं के हृदय रोग के बारे में है जो महाराष्ट्र में काफी लोकप्रिय है। आपने लाखों लोगों के जीवन शैली को बदल दिया है और आपको राज्य साहित्यिक पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

4. आप इस समय जनजाति स्वास्थ्य संबंधी विशेषज्ञ समिति, भारत सरकार के अध्यक्ष हैं और आपने भारत में जनजाति स्वास्थ्य परिचर्या का एक नया राष्ट्रीय रोडमैप तैयार करने के कार्य का नेतृत्व किया है। आप भारत के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (2010-12) की रूपरेखा तैयार करने संबंधी उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह, राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग तथा राष्ट्रीय समष्टि अर्थशास्त्र एवं स्वास्थ्य आयोग के सदस्य रहे। आप मिशन संचालन समूह, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय आशा मार्गदर्शन समूह एवं कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समितियों के सदस्य रहे। आप भारत में जनजातीय लोगों से संबंधित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य रहे। आप स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के शीर्ष निकाय, केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद के सदस्य हैं।

5. आपको राज्य सरकार के सर्वश्रेष्ठ सम्मान 'महाराष्ट्र भूषण' सहित आपके स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान, सामाजिक एवं साहित्यिक कार्य के लिए 50 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। टाइम मैगजीन ने आपका चयन 'ग्लोबल हेल्थ हीरो' के रूप में किया था, आपको डब्ल्यू एच ओ इंडिया से देश में जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपके उत्कृष्ट योगदान के लिए पब्लिक हेल्थ चैम्पियन अवार्ड (2016), नैनी ए पालकीवाला मेमोरियल ट्रस्ट, मुम्बई से सिविल लिबर्टीज आवार्ड (2016), संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ से डॉक्टरेट ऑनरिस काउजा (2015), तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे से ऑनरेरी डि.लिट. (2015), सोसायटी ऑफ स्कॉलर्स, जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी, बाल्तीमोर, यूएसए (2013), डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल हेल्थ, जॉन्स हॉपकिन्स, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, यूएसए से विशिष्ट एल्यूमनस अवार्ड (2013), 'डॉरी स्टॉर्म्स' चाइल्ड सरबाइवल रिकॉग्निशन अवार्ड, वाशिंगटन (2010), नवजात शिशुओं और बच्चों को बचाने में वैश्विक योगदान के लिए सेव द चिल्ड्रेन, यूएस अवार्ड (2004), रचनात्मक एवं प्रभावकारी संस्थानों के लिए मैकआर्थर फाउंडेशन इंटरनेशनल अवार्ड (2006), गांधी नेशनल मेमोरियल सोसायटी, पुणे से 'बापू' अवार्ड (2009), सामुदायिक चिकित्सा में उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का राष्ट्रीय अवार्ड, मानवीय सेवाओं के लिए महात्मा गांधी अवार्ड, मराठी में सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक पुस्तक के लिए कार्वे अवार्ड (2000) तथा नशा मुक्ति के लिए महाराष्ट्र सरकार का राज्य अवार्ड (2001) प्राप्त हुए हैं।